हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 30 दिसंबर 2025

4
कुड़ेकेला में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन, लिया गया संकल्प





## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव में प्रकृति की शानदार प्रस्तुति

**सरिया।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में 23 से 28 दिसंबर तक आयोजित आयोजित नाट्य नृत्य अखिल भारतीय नृत्य, संगीत एवं फाइन आर्ट प्रतियोगिता एवं महोत्सव के अंतर्गत हुई नाट्य नर्तन प्रतियोगिता में सरिया की उभरती हुई बाल कलाकार प्रकृति अग्रवाल ने नित्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का नाम रोशन किया। 6 दिनों तक चले इस नृत्य महाकुंभ में देश भर के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने भरनाट्यम जूनियर कैटेगरी में द्वितीय स्थान हासिल कर सरिया का नाम रोशन किया। प्रकृति पिछले दो वर्ष से साई नृत्य निलयम बिलासपुर की स्वेता नायक से ऑनलाइन माध्यम द्वारा विधिवत भरतनाट्यम नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। सरिया के प्रतिष्ठित नागरिक गोपाल अग्रवाल के सुपुत्र चंदन अग्रवाल की सुपुत्री प्रकृति अग्रवाल स्वामीनारायण गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल एनटीपीसी लारा में कक्षा छठवीं की छात्रा है।

### शिशु मंदिर में संप्तशक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**कोसीर।** सारंगढ़ जिला मुख्यालय के कोसीर नगर के सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल में संप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बच्चों के पालक रहे जिसमें प्रमुख रूप से श्रीमती सुनिता सुमन एश्रीमती प्रेमबाई रलाकर, चेतबाई सोनी, सुकबाई सुमन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात किए। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों से गीतों की प्रस्तुति दी वही स्कूल के आचार्यों के द्वारा समसामयिक विषयों पर उद्बोधन के साथ विचार प्रस्तुत किया गया। अतिथि परिचय एवं स्वागत श्रीमती दुर्गा लहरे द्वारा किया गया। विविध कार्यक्रम हुए नारी सशक्तिकरण को लेकर चर्चा परिचर्चा भी हुए। समाज में नारी को लेकर उनकी महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख प्राचार्य बेदराम रत्नाकर, श्रीमती गोमती राव, राकेश लहरे, दुर्गा लहरे एकार्यक्रम के अतिथि सुनीता सुमन, चेतबाई सोनी, आचार्यों में प्रीति सोनवानी, अन्नू जांगड़े आदि लोग उपस्थित रहे।

### नाबालिग ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से मासूम की मौत

**जांजगीर-चांपा ।** सक्ती जिले के जैजैपुर थाना क्षेत्र के भोथिया गांव में नाबालिग ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव की गली में अनियंत्रित ट्रैक्टर लोहे के खंभे से टकरा गई, जिससे खंभा एक मासूम बच्चे के ऊपर आ गिरा। हादसे में 9 वर्षीय मोनिक चंद्रा की मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया, जिससे ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जैजैपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भोथिया में शनिवार 27 दिसंबर की शाम एक नाबालिग ट्रैक्टर चला रहा था। ट्रैक्टर की गति तेज होने के कारण वह अपना नियंत्रण खो बैठा। अचानक नियंत्रण बिगड़ने से ट्रैक्टर सड़क किनारे लगे लोहे के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खंभा उखड़कर पास में खड़े 9 वर्षीय मोनिक चंद्रा के ऊपर जा गिरी। खंभे में दबने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

### जारी की प्रेस नोट, वापस लेने की घोषणा का वीडियो भी वायरल

# जिंदल ने किया जनसुनवाई का आवेदन वापस लेने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

- एमडी जेपीएल प्रदीप्ता कुमार मिश्रा ने जारी प्रेस नोट

गारे-पेलमा सेक्टर-1 कोल ब्लॉक की जनसुनवाई को लेकर बीते तीन महीने से चल रहे गतिरोध आखिरकार खत्म हो गई है। बीते शनिवार को हुए बवाल के बाद जिंदल कंपनी के अधिकारियों ने खुद प्रेस नोट जारी कर जनसुनवाई के लिए लगाए गए आवेदन को वापस लेने का ऐलान कर दिया है। प्रेस नोट के साथ अधिकारियों ने एक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें कोल ब्लॉक की जनसुनवाई को लेकर काफी सारी बातें कही गई है। कुल मिलाकर इस जनसुनवाई को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन के साथ प्रबंधन के साथ चल रहे गतिरोध पर विराम तो लग गया है, लेकिन कानूनी तौर पर जनसुनवाई तो पूरी हो चुकी है। हालांकि ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए जनसुनवाई पूरी होने की रिपोर्ट केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को भेजी गई है या नहीं इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। यदि रिपोर्ट भेज दी गई होगी तो इसे निरस्त करने की प्रक्रिया काफी जटिल होने की बात कही जा रही है। बहरहाल कंपनी की ओर से जारी प्रेस नोट के बाद विराम लगने की बात कही जा रही है।

गारे पेलमा सेक्टर -1 कोल ब्लॉक से प्रभावित 14 गांवों के सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष बीते 15 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके द्वारा इस कोल ब्लॉक के लिए बीते 8 दिसंबर को की गई जनसुनवाई को अवैधानिक बताते हुए निरस्त करने की मांग की जा रही है। इस मामले को लेकर आंदोलनरत ग्रामीणों और पुलिस के बीच बीते शनिवार को जमकर बवाल मचा। इसमें ग्रामीणों की ओर पथराव करने की बात प्रशासन द्वारा कही जा रही है। वहीं पहले पुलिस की ओर से ही शांति से आंदोलन कर रहे ग्रामीणों को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जबरिया गिरफ्तार करने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाई जा रही है। इस घटना के बाद वहां का माहौल तनावपूर्ण हो गया था। सोमवार को जेपीएल के एमडी प्रदीप्ता कुमार मिश्रा ने प्रेस नोट जारी कर जनसुनवाई के लिए लगाए गए आवेदन को ही वापस लेने की बात कही है।



जनसुनवाई निरस्त करने ग्रामीणों द्वारा की जा रही आंदोलन में शामिल महिलाएं।

#### » यह है कानूनी पेंच

यदि जनसुनवाई पूरी होने की रिपोर्ट केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को भेजी गई है तो उसे निरस्त करने में कानूनी तौर पर कई सारी पेंच है। दूसरी ओर जनसुनवाई पूरी होने की रिपोर्ट भेज दी गई है तो उसे निरस्त करने का अधिकार राज्य शासन तक को नहीं है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ओर से एक कमेटी बैठती है। उसमें इसकी चर्चा होती है और निर्णय ली जाती है। उसमें सकारात्मक निर्णय पारित की जाती है तो उसे एनजीटी में ही चुनौती दी जा सकती है। एनजीटी उसका अध्ययन करके निरस्त कर सकती है। अब यह प्रक्रिया कहां तक पहुंची है इसकी जानकारी कोई नहीं दे रहा है। हालांकि अब तो प्रबंधन ने ही आवेदन वापस लेने की घोषणा कर दी है तो हो सकता है आगे कोई प्रक्रिया करने की जरुरत नहीं पड़ेगी।

#### अधिकारियों को पड़ी फटकार

जानकारी मिली है कि बवाल होने के बाद पूरे घटनाक्रम की जानकारी शासन की ओर से ली गई। इसमें अधिकांश रिपोर्ट पुलिस के खिलाफ ही है। गोपनीय रिपोर्ट में भी पुलिस की गलती सामने आई है। कुछ जानकारी तो ऐसे भी मिली है कि एक कोयला गाड़ी वहां फंसी थी, जिसका डीओ दो दिन तक ही चलने वाली थी।इसे वहां से निकालने के लिए ही इस तरह की कवायद पुलिस की ओर से की गई। इस दौरान ग्रामीणों को गाली भी दी गई। इसी आक्रोश का शिकार पुलिस को होना पड़ा। दूसरी ओर पूरे मामले को लेकर यहां के बड़े अधिकारियों को भी जमकर फटकार पड़ी है। अधिकारियों को कहा गया कि इतने संवेदनशील मामले को इतने हल्के में क्यों लिया गया।



## मांगों को लेकर कर्मचारियों का आंदोलन, ऑफिसों में लटके ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले के सरकारी अधिकारी और कर्मचारी 11 सूत्रीय मांगो को लेकर, 3 दिनों के आंदोलन पर चले गए हैं। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम में 11 बजे से छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का धरना प्रदर्शन शुरू हुआ। जिला संयोजक आशीष रंगारी ने बताया कि इससे पहले भी आंदोलन किया गया।पहले और दूसरे चरण में मशाल रैली व काम बंद आंदोलन किया गया था। पिछले लंबे समय से मांग पूरी नहीं होने पर अब तीसरे चरण के आंदोलन के तहत 29 से 31 दिसबंर तक प्रदर्शन किया जा रहा है।



#### पसरा रहा सन्नाटा

कर्मचारियों के आंदोलन में जानें की वजह से ज्यादातर दफ्तरों में ताले लटके मिले । जिला कलेक्टोरेट में भी सन्नाटा छाया हुआ था, वहीं जो ऑफिसें खुली हुई थी, वहां पर भी काम नहीं किया जा रहा था, जिसकी वजह से अपनें निजी कार्य को लेकर आए हुए लोगों का मायूस होकर लौटना पड़ा।

#### अधिकारियों के साथ साथ रसोईए भी हड़ताल पर

प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के अतंर्गत स्कूलों में कार्यरत रसोईये भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है, जिसकी वजह से मध्यान्ह भोजन पर असर पड़ रहा है। रसोईयों की मांग है कि उन्हें 50 प्रतिशत मानदेय वृध्दि को तत्काल शुरू किया जाए। जिले में संचालित हॉस्टलों के अधीक्षक और रसोईयों के हड़ताल पर चले जानें का खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

## चोरों ने कॉलोनी के सूने मकान को बनाया निशाना, लाखों की चोरी

- शहर के फ्रेंडस कॉलोनी की घटना, पुलिस डॉग स्कॉड के साथ कर रही छानबीन

**रायगढ़।** कॉलोनी स्थित सूने मकान का फायदा उठाते हुए दिनदहाड़े लाखों रूपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पूरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आनें वाली फ्रेंडस कॉलोनी का है, जहां मकान नंबर 19 में लाखों रूपए की चोरी की गई है। जानकारी के मुताबिक फ्रेंडस कॉलोनी स्थित मकान 19 जो कि आलोक अग्रवाल के नाम पर है, से चोरों के द्वारा सोमवार की दोपहर लाखों रूपए की चोरी की गई है। पुलिस के अनुसार मकान का मालिक शहर से बाहर रायपुर गए हुए हैं,सोमवार की दोपहर को उनके घर में काम करनें वाली युवती जब दोपहर को काम पर आई तब घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला ऐसे में उसके द्वारा कॉलोनी स्थित मकान मालिक के रिश्तेदारों को इसकी सूचना दी गई।




#### दरवाजा खोलनें पर मिली चोरी की जानकारी

काम वाली के द्वारा दिए गए सूचना के आधार पर रिश्तेदार मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद दरवाजे खोला गया। दरवाजा खोलनें पर घर के अंदर सामान बिखरे हुए मिले ऐसे में उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया। परिजनों की सूचना पर कोतवाली पुलिस के द्वारा डॉग स्कॉड के साथ मौके पर पहुंच कर जांच की जा रही है। फिलहाल अब तक कितने की चोरी हुई है इसकी जानकारी नहीं है, पुलिस मकान मालिक के लौटने का इंतजार कर रही है इसके बाद स्थिति साफ हो पाएगी।

## भारतमाला प्रोजेक्ट की वजह से गांव का रास्ता हो गया बंद, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे सड़क की वजह से गांव की सड़क बंद हो रही है, जिसकी वजह से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इसके लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

मामला धरमजयगढ क्षेत्र का है ,जहां के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव के तरफ से भारतमाला परियोजना के तहत सड़क का निर्माण किया जा रहा है,उक्त सड़क निर्माण की वजह से धरमजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढ़ोढागांव व ग्राम पंचायत सोहनपुर का रास्ता बंद हो गया है,इस गांव में कुल 7 से 8 हजार लोग निवासरत है,



रास्ता बंद होनें की वजह से ग्रामीणों एवं स्कूल आनें जानें वाले बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## छत्तीसगढ़ की गाड़ी में ओडिशा से अवैध धान खपाने की थी तैयारी, पहुंच गए फूड इंस्पेक्टर

- आशंका हुई तो लारा के पास रोकी गई पिकअप वाहन, 50 बोरी लोड था अवैध धान
- चालक के पास नहीं था कोई वैध दस्तावेज, बड़े हल्दी की है गाड़ी



**रायगढ़।** सीजी नंबर की गाड़ी से ओड़िशा का धान लाकर खपाने की तैयारी थी, लेकिन ऐन वक्त पर पुसौर के फूड इंस्पेक्टर सीएम सिदार मौके पर पहुंच गए। आशंका हुई तो पिकअप वाहन को रोककर चालक से पूछताछ की गई। चालक के पास किसी तरह का वैध दस्तावेज नहीं था। गाड़ी में 50 बोरी धान लोड था। उसे जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह करीब साढ़े 11 बजे पुसौर ब्लॉक के ग्राम लारा के पास एक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 एएस 7181 रोकी गई। उसमें ओड़िशा से करीब 50 बोरी अवैध धान लेकर चालक आ रहा था। चालक से धान के संबंध में पूछताछ की गई तो पता चला उसे मालूम ही नहीं था धान का कोई दस्तावेज भी होता है। ऐसे में प्रकरण बनाकर अवैध धान को जब्त किया गया । अब मामले की सुनवाई कलेक्टर कोर्ट में होगी। वहीं पिकअप वाहन के चालक राहुल सिंह ने उस धान को बड़े हल्दी के किसी योगेस साव द्वारा मंगाने की बात कही गई।



## धान खरीदी बनी किसानों का सिरदर्द आक्रोशित होकर कर दिया चक्काजाम

**रायगढ़।** अनावरी रिपोर्ट से अधिक धान खरीदी नहीं करने की बात को लेकर नाराज किसानों ने सैकड़ों की संख्या में मंडी परिसर के सामने मुख्य सड़क पर चक्का जाम कर दिया। अचानक हुए चक्का जाम से छाल–घरघोड़ा मुख्य मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पूरा मामला घरघोड़ा तहसील के ग्राम नवापारा टेंड्रा स्थित उपार्जन केन्द्र का है, जहां के किसानों ने तय मात्रा से कम खरीदी होनें की वजह से चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम कर रहे किसानों का कहना था कि अनवरी रिपोर्ट के आधार पर तय मात्रा से अधिक धान होने के बावजूद उनकी फसल खरीदी नहीं की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

#### तहसीलदार का मिला आश्वासन

किसानों ने चक्काजाम करते हुए मांग की कि वास्तविक पैदावार के अनुसार धान की खरीदी की जाए और मनमाने नियमों के कारण उनकी उपज को वापस लौटाने की स्थिति न बने। अचानक हुए चक्का जाम की सूचना मिलते ही घरघोड़ा तहसीलदार मनोज कुमार गुप्ता एवं नायब तहसीलदार सहोदर राम पैंकरा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने सड़क पर बैठे किसानों से सीधे संवाद किया, उनकी समस्याएं विस्तार से सुनीं तथा समिति प्रबंधन को निर्देश दिया कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाए और किसानों को बेवजह परेशान न किया जाए।तहसीलदार ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और नियमों के दायरे में रहकर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

### अब तक 95 फीसदी काम हो चुका है पूरा, 31 को पोर्टल हो जाएगा बंद

# 2 दिनों में बनाना होगा 11 हजार अपार आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले में स्कूली बच्चों की अपार आईडी बनाने का काम अंतिम चरण में है। अब तक जिले के 95 प्रतिशत बच्चों की अपार आईडी बन चुकी है, लेकिन अभी भी 10 हजार से अधिक बच्चों की आईडी बनना शेष है। शासन द्वारा तय समय-सीमा 31 दिसंबर तक इसे पूरा करना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।जिले में कुल 2 लाख 29 हजार 668 बच्चों का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से अब तक 2 लाख 18 हजार बच्चों की अपार आईडी तैयार कर ली गई है। शेष बच्चों की आईडी बनाने के लिए शिक्षा विभाग, स्कूल प्रबंधन और आधार केंद्रों में तेजी से कार्य किया जा रहा है।अपार आईडी बनाने के लिए बच्चों के पालकों को आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूल रिकॉर्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है। कई मामलों में दस्तावेजों की कमी, स्कूल रिकॉर्ड में त्रुटि और आधार से लिंक न होने के कारण प्रक्रिया में देरी हो रही है।



अपार आईडी के लिए आधार कार्ड सुधरवाने पोस्ट आफिस में लगी भीड़।

#### 2 दिनों के बाद पोर्टल हो जाएगा बंद

केन्द्र सरकार द्वारा अपार आईडी बनाने के लिए 31 दिसंबर की डेड लाइन तय की गई थी, अब तक जिले में कुल लक्ष्य के विरूध्द में 95 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति की जा चुकी है।पिछले एक साल से अपार बनाने का कार्य किया जा रहा है,इसके बाद भी अब तक 11 हजार 86 बच्चों की अपार आईडी बनानी शेष है। पोर्टल बंद होनें में बस 2 दिनों का समय शेष है अब विभाग के सामनें इन 2 दिनों में 11 हजार अपार बनानें की चुनौती है।

#### प्राचार्यों पर भी हो सकती है कार्रवाई

शिक्षा विभाग के द्वारा जिन स्कूलों में अब तक अपार आईडी कम बनें है उन स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है, साथ ही तय सीमा में अगर अपार नहीं बनती है तो इन स्कूलों के प्राचार्यों का वेतन रूक सकता है, वहीं निजी स्कूलों की मान्यता भी जा सकती है।

#### बच्चों का रिकॉर्ड नहीं मिल रहा

राजीव गांधी शिक्षा मिशन समन्वयक आलोक स्वर्णकार ने बताया कि अपार बनाने में सबसे ज्यादा दिक्कत है बच्चों का रिकॉर्ड नहीं मिलना । इन बच्चों के आधार के साथ ही स्कूल रिकॉर्ड में अंतर है। कई बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं है। इन सब समस्याओं के कारण बच्चों का आईडी नहीं बन पा रहा है।सभी स्कूलों एवं प्राचार्यों को जल्द से जल्द अपार बनानें को कहा गया है।

## 15वें वित्त से मिली स्वीकृति अब तक नहीं लगा पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जनदर्शन में राशन कार्ड, चिकित्सा एवं आर्थिक सहायता, आवास, वृद्धापेंशन सहित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर रवि राही ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर यथासंभव निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में धरमजयगढ़ क्षेत्र के लुकेश्वर यादव विकास कार्य करा, बिना राशि के गलत तरीके से आहरण किए जाने संबंधी शिकायत लेकर उपस्थित हुए।

उन्होंने बताया कि धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत क्रिन्धा में 15वें वित्त आयोग की राशि से सोलर पंप स्थापना की स्वीकृति दी गई थी, किंतु आज तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। इस पर अपर कलेक्टर ने एसडीएम धरमजयगढ़ को आवेदन पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अशोक कुमार अग्रवाल ने गांधी गंज में सड़क के बीचों-बीच स्थापित बिजली ट्रांसफार्मर को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने का आग्रह किया। रायगढ़ निवासी नरसिंह निषाद ने धान विक्रय के लिए सेवा सहकारी समिति मर्यादित कछार में पंजीयन कराया है। उन्होंने बताया कि पंजीयन का केरी फॉरवर्ड नहीं होने के कारण धान विक्रय में कठिनाई हो रही है। उन्होंने इस समस्या के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अपर कलेक्टर श्री राही ने सभी आवेदनों की उचित जांच कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चूना पत्थर में भंडारित 100 बोरी अवैध धान जब्त

**बलरामपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने तथा अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम चुनापत्थर में अवैध 100 बोरी धान जप्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल रात्रि ग्राम चूना पत्थर में जवाहिर पंडों के घर के बाहर लगभग 100 बोरी धान अज्ञात व्यक्ति द्वारा छोड़कर फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही तहसीलदार अश्विनी चंद्रा, नायब तहसीलदार आईसी यादव सहित संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और मौके पर 100 अवैध बोरी धान को जब्त किया गया।

### औचक निरीक्षण में अनुपस्थित रोजगार सहायक, नोटिस जारी

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने 26 दिसम्बर को चेक पोस्ट रामानुजगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत केरवाशीला ग्राम रोजगार सहायक संजय सिंह जिनकी ड्यूटी चेक पोस्ट पर लगाई गई थी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। उक्त संबंध में जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के सीईओ रणवीर साय के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 3 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। समयावधि में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने अथवा संतोषजनक न होने की स्थिति में संजय सिंह के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### अत्यधिक शराब पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुंनी पकरिया निवासी सोमार साय आ. लल्ला राम मझवार (55 वर्ष) 26 दिसंबर को गांव में घूम-घूम कर शराब पीने के बाद घर पहुंचा और भोजन किए बिना ही सो गया। दूसरे दिन तबीयत ज्यादा खराब हो गई जिस पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### घर में सो रहे थे परिवार के सदस्य दो कमरों में हो गई चोरी

**अंबिकापुर।** शहर के जरहागढ़ स्थित एक मकान में लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। बड़ी बात तो यह है कि घर में लोगों की मौजूदगी के बाद भी चोर नगदी समेत लगभग 6 लाख रुपए के जेवर लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि जरहागढ़ महामाया वार्ड क्रमांक 37 निवासी यासमीन खातून अपने घर में सो रही थी। इस दौरान भोर में लगभग 5 बजे जब वह सोकर उठी और पानी पीने के लिए कमरे से आहार निकली तो निईचे उनकी जेठानी के कमरे का दरवाजा खुला मिला। ऐसे में जब उन्होंने कमरे में देखा तो अंदर रखी अलमारी टूटी हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने तत्काल अपने ससुर को घटना की जानकारी दी। महिला ने जब घर में उपरी मंजिल पर मौजूद ननद के कमरे में जाकर देखा तो वहां भी कमरे के अंदर आलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा पडा था। इसके बाद घर में हड़कंप मच गया। महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। फिलहाल की जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों कमरों की आलमारियों व उनकी तिजोरी को तोड़कर चोरों ने लगभग 50 हजार रुपए नगद व 5 से 6 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर की चोरी की है। बड़ी बात यह है कि घर में परिवार के शेष सदस्य मौजूद थे लेकिन उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लग पाई। अबतक यह पता नहीं चल पाया है कि चोर किस रास्ते से घर में घुसे और वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है लेकिन उन्हें कोई सुराग नहीं मिल पाया है। थाना प्रभारी कोतवाली शशिकांत सिन्हा ने बताया कि इस मामले की जांच चल रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।

## सरगुजा संभागीय पेंशनर सम्मेलन में हुए शामिल मुख्यमंत्री

# पेंशनर सदस्यों का शासकीय अनुभव महत्वपूर्णः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर








- वरिष्ठ पेंशनरों को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्राम पमशाला कंवर धाम (तपकरा) में आयोजित सरगुजा संभागीय पेंशनर सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर संभाग के विभिन्न जिलों से आए लगभग एक हजार पेंशनर्स की उपस्थिति से कार्यक्रम भावनात्मक एवं गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने मंच में आते ही बड़ी आत्मीयता के साथ पेंशनर सदस्यों से मुलाकात की। उनका हाल चाल जाना। साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान संघ के सदस्यों ने ग़जमाला से मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री साय ने 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनरों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिन्होंने अपने सेवाकाल में शासन-प्रशासन की नींव को सुदृढ़ किया है और आज राज्य के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था के सुचारू संचालन में पेंशनर सदस्यों का शासकीय अनुभव बहुत महत्वपूर्ण है।सभी ने सरकारी सेवा में अमूल्य सेवा दिए है, जिसके कारण प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से निरन्तर है। सभी ने खूब मेहनत की है, सूझ बुझ के साथ काम किया। साथ ही कठिनाइयों का सामना करते हुए दायित्वों का निर्वहन किए। पहले आवागमन का भी पर्याप्त साधन नहीं था। सूचना तंत्र मजबूत नहीं था। फिर भी सुविधा विहीन समय में भी निष्ठापूर्वक जिम्मेदारी निभाई। आपके अच्छे काम से हम आगे बढ़ रहे है। आगे भी यह अनुभव काम आएगा। शासन में कोई भी नया निर्णय से पहले पूर्व निर्णय देखा जाता है। इसलिए निश्चित रूप से यह अनुभव आने वाले पीढ़ी को काम आएगा। आप लोगों ने अपने कामों के प्रति समर्पित होकर निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। इसके लिए सभी पेंशनर का आभार। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, पूर्व विधायक भरत साय, पेंशनर संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ डीपी मनहर, आईजी दीपक कुमार झा, सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र कुमार दुग्गा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार सहित संभागीय एवं जिला स्तरीय पेंशनर संघ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने पूर्व सरगुजा कमिश्नर रिटायर्ड आईएएस महेश्वर साय पैकरा द्वारा लिखित किताब करम डार एवं अन्य कथनी एवं महुवा के फूल का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष डॉ डीपी मनहर ने कहा कि आज तक कोई भी मुख्यमंत्री पेंशनर सम्मेलन में शामिल नहीं हुए थे। श्री साय पेंशनर संघ सम्मेलन में शामिल होने वाले पहले मुख्यमंत्री बने। इस पर उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने संघ की कुछ महत्वपूर्ण मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए आश्वासन दिया कि शासन स्तर पर इन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। सम्मेलन के माध्यम से न केवल वरिष्ठ नागरिकों में सम्मान और आत्मविश्वास का संचार हुआ, बल्कि शासन और पेंशनर्स के मध्य संवाद का एक सशक्त एवं सकारात्मक मंच भी स्थापित हुआ।

## अवधूत भगवान राम सेवा आश्रम में आयोजित निः शुल्क चिकित्सा शिविर में मिला 264 मरीजों को लाभ



**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ बनोरा की उत्तर प्रदेश ललितपुर स्थित शाखा अवधूत भगवान राम सेवा आश्रम में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में मिला 264 मरीजों को उपचार का लाभ मिला। इस आश्रम में भी पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम के कुशल निर्देशन मे पीड़ित मानव की सेवा गतिविधियां संचालित हो रही है।आश्रम की स्थापना अघोर मूर्ति कर्म योगी भैया के कर कमलों से हुई थी। अवधूत भगवान राम सेवा आश्रम भोरसिल ललितपुर में रविवार को आयोजित यह निशुल्क चिकित्सा शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 तक अनवरत जारी रहा। शिविर में आने वाले मरीजों का चिकित्सा के पहले पंजीयन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों के चिकित्सक उपस्थित रहे। जिसमे डॉ अमृत लाल, डॉ सुनील पटेल व डॉ के एस मिश्रा ने शिविर में आए हुए मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण कर उपचार एवं रोगों के अनुसार निशुल्क औषधि उपलब्ध कराई भोरसिल, भीघा, खेत एबिरधा, लखनपुरा, बार, नंदीपुरा, नदन वारा, बांशी, अल्हापुर, महरौनी तालबेहट जगपुरा, सिमरा, बंदपुरा, कुआतला, डोंगरा कला, वस्त्रवान, ललितपुर ग्रामों से आए 264 मरीजों को निशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ मिला यश चौहान, दिनेश मोदी, रोहित बृजपुरिया, उमेश निगम, गोपाल कृष्ण कौशिक, भानु राजा, जय कृष्ण चौबे, नितिन, विपिन कटियार के सामूहिक प्रयासों से शिविर में आए मरीजों को 10 दिनों निशुल्क दवा वितरित की गई।

## 17 प्रतिशत कस्टम मिलिंग का चावल अब तक वापस नहीं, बरगढ़ की स्थिति चिंताजनक



**राउरकेला।** राज्य में धान संग्रह की स्थिति इतनी जल्दी सुधरने वाली नहीं है। चालू वर्ष का खरीफ धान संग्रह शुरू हुए एक महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन पिछले वर्ष का 17 प्रतिशत कस्टम मिलिंग चावल अब तक मिलरों से वापस नहीं आया है। संबलपुर राज्य में धान संग्रह की स्थिति जल्द सुधरने के आसार नहीं हैं। चालू वर्ष के खरीफ धान संग्रह को एक महीना बीत चुका है, लेकिन पिछले साल का 17 प्रतिशत कस्टम मिलिंग चावल अब भी मिलरों के पास बकाया है। कटक, जगतसिंहपुर और सुंदरगढ़ को छोड़कर अब तक कोई भी जिला शत प्रतिशत चावल जमा नहीं कर सका है।

कस्टम मिलिंग चावल की जमा प्रक्रिया बेहद धीमी गति से चल रही है और यह स्थिति एक वर्ष से अधिक समय से बनी हुई है। इसके चलते इस वर्ष के खरीफ धान संग्रह पर असर पड़ने की जो आशंका पहले जताई जा रही थीए वह अब सच साबित हो रही है। अधिकांश स्थानों पर मिलरों ने अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए, जिसके कारण मंडियों में धान पड़ा रह गया। कस्टम मिलिंग चावल जमा करने की धीमी रफ्तार का सबसे चिंताजनक चित्र बरगढ़, संबलपुर, पुरी, कंधमाल और सुवर्णपुर जिलों में देखने को मिल रहा है। बरगढ़ में अभी भी 35 प्रतिशत, पुरी में 24 प्रतिशत, संबलपुर में 23 प्रतिशत, कंधमाल में 23 प्रतिशत और सुवर्णपुर में 23 प्रतिशत चावल जमा नहीं हो सका है। खरीफ.24 कस्टम मिलिंग चावल जमा करने की स्थिति विभिन्न जिलों में इस प्रकार है कालाहांडी में 79 प्रतिशत, बालेश्वर 87 प्रतिशत, बलांगीर 83 प्रतिशत, गंजाम 88 प्रतिशत, कोरापुट 79 प्रतिशत, मलकानगिरी 86 प्रतिशत, नबरंगपुर 82 प्रतिशत, नयागढ़ 86 प्रतिशत, ढेंकानाल 80 प्रतिशत और खोरधा 79 प्रतिशत। केवल 11 जिलों में ही 90 प्रतिशत से अधिक कस्टम मिलिंग चावल जमा हो पाया है। खाद्य नीति के अनुसारए केंद्र सरकार के एजेंट के रूप में राज्य सरकार किसानों से धान की खरीद करती है। आपूर्ति निगम के अनुसार कस्टम मिलिंग के तहत कुल 62 लाख 82 हजार 036 मीट्रिक टन चावल जमा होना था, लेकिन अब तक केवल 52.75 लाख मीट्रिक टन ही जमा हो सका है। शेष 10.54 लाख मीट्रिक टन चावल अभी भी बकाया है।

## केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी से मिले यादव



**राउरकेला।** राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा ट्रक ट्रांसपोर्ट सारथी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच डी. कुमारस्वामी से नई दिल्ली में उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात औपचारिक रूप से इस्पात उद्योग से जुड़े जमीनी मुद्दों परिवहन तंत्र ट्रक ऑपरेटरों की समस्याओं और नीति सुधारों पर केंद्रित एक गंभीर व सार्थक संवाद में परिवर्तित हुई। भेंट के दौरान डॉ. यादव ने देश के प्रमुख इस्पात संयंत्रों विशेषकर सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात कारखानों से जुड़े परिवहन तंत्र की वास्तविक स्थिति से मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग की रीढ़ माने जाने वाले ट्रक मालिक, ट्रांसपोर्टर और संलग्न व्यवसाई आज अनेक व्यावहारिक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं, जिनका सीधा प्रभाव उत्पादन, आपूर्ति श्रृंखला और अंततः राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

डॉ. यादव ने इस्पात संयंत्रों में माल ढुलाई से संबंधित व्यावहारिक समस्याओं तथा स्थानीय ट्रांसपोर्टरों की उपेक्षा जैसे मुद्दों को तथ्यों के साथ रखा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि परिवहन व्यवस्था को मजबूत, पारदर्शी और ट्रक मालिकों के अनुकूल नहीं बनाया गयाए तो मेक इन इंडिया लोकल फॉर वोकल और औद्योगिक विकास की गति प्रभावित हो सकती है। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने डॉ. यादव की बातों को गंभीरता से सुना। मंत्री ने पुनः नए वर्ष पर मुलाक़ात का समय दिया व कहा कि भविष्य में इस्पात संयंत्रों में लॉजिस्टिक्स सुधार, डिजिटल प्रक्रियाओं को सरल बनाने, स्थानीय ट्रांसपोर्टरों की भागीदारी बढ़ाने और भुगतान प्रणाली को समयबद्ध करने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। भेंट के पश्चात डॉ. राजकुमार यादव ने कहा कि यह संवाद केवल एक मुलाकात नहीं, बल्कि देशभर के लाखों ट्रक चालकों, ट्रांसपोर्टरों और मोटर मालिकों की आवाज को केंद्र सरकार तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### मर्ग जांच के बाद पुलिस ने मौत के मामले में दर्ज किया अपराध

**अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर जिले के बसंतपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम ककनेशा निवासी 37 वर्षीय सुरेन्द्र सिंह श्यामले आ. पंचूरम श्यामले ग्राम कोटराही में सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गया था। घायल युवक को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया था। परिजन दवरा युवक को 15 जुलाई को डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भरत कराया गया था जहां 16 जुलाई को उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग जांच की जा रही थी और मर्ग जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की घारा 106(1), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## राउरकेला में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण



**राउरकेला।** अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल कमेटी की ओर से देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर रविवार, 28 दिसंबर को राउरकेला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हनुमान वाटिका चौक और आरएमसी के समीप तैयार की गई प्रतिमा का विधिवत अनावरण केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री एवं सुंदरगढ़ लोकसभा सांसद जुएल ओराम ने दोपहर 1 बजे किया। प्रतिमा तिरंगा के निकट स्थित है और इसे देखकर क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और स्थानीय नेताओं की उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यक्रम में वाजपेयी के आदर्शों और उनके योगदान को याद करते हुए उनके जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

## भाजयुमो ने फूंका सनातन विरोधी बघेल का पुतला



**रायगढ़।** प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सनातन विरोधी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश भर में पुतला दहन किया गया। प्रदेश इकाई के मार्गदर्शन में जिला भाजयुमो ने सनातन विरोधी कांग्रेस नेताओं का पुतला दहन किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमीत शर्मा ने कहा कांग्रेस पार्टी के नेता हमेशा सनातन धर्म और साधु संतो का अपमान करते रहे हैं। प्रदेश भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने कहा कि जनता सनातन धर्म का विरोध करने वालों को माफ नहीं करेगी। सभापति डिग्री साहू ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस पार्टी से जुड़े बहुत से नेता अनवरत सनातन धर्म का विरोध करती रही है। जिला उपाध्यक्ष विलिस गुप्ता ने कहा भूपेश बघेल अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रही है। यह स्पष्ट है कि प्रदेश कांग्रेस के नेताओं को सनातन का विरोध करने की स्क्रीप्ट दिल्ली दरबार से मिली है।

## एबीवीपी की रैली, ओडिशा पश्चिम स्वर्ण जयंती सम्मेलन में छात्र नेतृत्व पर चर्चा



राउरकेला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी, ओडिशा पश्चिम के स्वर्ण जयंती 50वीं सम्मेलन का दूसरा दिन सेक्टर.6 स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। सम्मेलन में छात्र नेतृत्वए संगठनात्मक भूमिका, जनजातीय समाज के विकास और राष्ट्रीय एकता जैसे विषय प्रमुख रूप से केंद्र में रहे। प्रातः सत्र में एबीवीपी के पूर्व अखिल भारतीय जनजातीय कार्य प्रमुख प्रमोद राउत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शैक्षणिक संस्थानों में एबीवीपी कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र समस्याओं के समाधान, संगठन विस्तार तथा जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के माध्यम से राष्ट्रीय विकास की अवधारणा को रेखांकित किया। इस अवसर पर उन्होंने एबीवीपी के चलो कश्मीर अभियान का उल्लेख करते हुए विषम परिस्थितियों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने वाले कार्यकर्ताओं के साहस और समर्पण की सराहना की। साथ ही जनजातीय क्षेत्रों में एबीवीपी के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विचार विमर्श किया गया। द्वितीय चरण में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री एवं सुंदरगढ़ के सांसद जुएल ओराम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में समय प्रबंधन के महत्व पर बल दिया।

## ओडिशा से ला रहे 30 क्विंटल धान से भरा पिकअप जब्त



**जशपुरनगर।** धान खरीदी सीजन के बीच अवैध परिवहन पर शिकंजा कसते हुए जशपुर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। चौकी दोकड़ा क्षेत्र अंतर्गत बांसबहार चौक के पास पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने उड़ीसा से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा अवैध धान पकड़ते हुए एक पिकअप वाहन को धर दबोचा। पिकअप में 70 बोरियों में कुल 30 क्विंटल धान लोड था, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 69 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने पिकअप वाहन सहित धान को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 दिसंबर की शाम करीब 8.30 बजे चौकी दोकड़ा पुलिस पेट्रोलिंग पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की पिकअप (क्रमांक ओडी-16-पी-3960) में भारी मात्रा में धान लोड कर उड़ीसा से ग्रामीण रास्तों के जरिए बांसबहार–बंदरचुआ की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बांसबहार चौक के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका।
तलाशी के दौरान पिकअप में 70 बोरी धान मिली। पूछताछ में चालक ने अपना नाम नरेन्द्र गुप्ता उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम कुंजारा – नीमटोली, थाना कुनकुरी बताया और धान को अपना बताया। लेकिन जब पुलिस ने धान से संबंधित वैध दस्तावेज और मंडी टोकन मांगा, तो वह कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर अवैध परिवहन की पुष्टि होने के बाद धान और वाहन को जब्त कर लिया गया।

### अब तक पकड़ा 1899 क्विंटल अवैध धान

गौरतलब है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में धान खरीदी जारी है, जिसे देखते हुए बिचौलिए सरहदी राज्यों से अवैध धान लाकर मंडियों में खपाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर जशपुर पुलिस और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम सरहदी रास्तों पर नाकाबंदी, संदिग्ध वाहनों की सघन जांच और लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। अब तक जशपुर जिले में 07 ट्रक, 21 पिकअप और 02 ट्रैक्टर से कुल 1899 क्विंटल अवैध धान पकड़ा जा चुका है, जिसे कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को सौंपा गया है।

## नासा ने यूरोपा क्लिपर के साथ अंतरिक्ष में भेजे जशपुर के छात्रों के नाम

**जशपुरनगर।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के मुख्य द्वार के पास बनी यह प्रतिकृति आकर्षण का केंद्र बन रही है। इस चित्र को अंकित करके कल्याण आश्रम ने जशपुर की जनजाति छात्रों की उच्च आकांक्षाओं को प्रतिध्वनित किया है जो आज धरातल से उठ कर आकाश को स्पर्श करने को आतुर हैं। वनवासी कल्याण आश्रम नगर समिति के सदस्य विवेक पाठक ने बताया कि जशपुर के कई छात्रों के नाम आज मंगल ग्रह की सतह पर नासा के रोवर पर्सेवरेंस" के साथ चहलकदमी कर रहे है, तथा 2024 में एक यान "यूरोपा क्लिपर " जो बृहस्पति की ओर उड़ान भर रहा है तथा 2030 तक उसके उपग्रह यूरोपा तक पहुंच कर वहां जीवन की खोज करेगा, के साथ जशपुर के कई छात्रों के नाम चिप के माध्यम से भेजे गए हैं, उन छात्रों को नासा ने एक टिकट भी सबूत के तौर पर भेजा है, उसकी ही प्रतिकृति यहां अंकित है। जशपुर की इन उपलब्धियों पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी बधाई दे चुके हैं। इसके पहले नासा ने अपने यान वॉयेजर के माध्यम से पूरे विश्व से कई प्रकार के आवाजें ,संगीत इत्यादि भी अंतरिक्ष में भेजे है जिससे यदि कोई एलियन सभ्यता अंतरिक्ष में है तो पृथ्वी के जनजीवन के बारे में समझ सके। इस तरह के मिशन का भाग बनना अपने आप में एक गौरव की बात है।




## पत्थलगांव की बेटी के प्रथम छंद संग्रह ललिता के लीलाधर का लोकार्पण




**पत्थलगांव।** बिलासा छंद महालय दीक्षांत समारोह रायपुर में डॉ ललिता यादव के छंद संग्रह ललिता के लीलाधर का विमोचन मुख्य अतिथि अरुण निगम, अध्यक्ष डॉ पीसी लाल यादव, विशिष्ट अतिथि डॉ सुधीर शर्मा एवं बिलासा छंद महालय के संस्थापक डॉ रामनाथ साहू ननकी, डॉ माधुरी डड़सेना मुदिता, गुरुदेव गजेंद्र हरिहरनो भागवत निषाद, ओंकार मृदुल, अशोक पटशरिया नादान और सिद्धेश्वरी सराफ शीलू ने किया। पूरे भारत के कई राज्यों से आए हुए कवि इस विमोचन के साक्षी बने। ₹ललिता के लीलाधर₹ छंद संग्रह में अनेक छंदों के सृजन का समावेश है और इस पुस्तक की विशेषता यह है कि इसमें अनेक छंदों में समाहित कृष्ण के जीवन में घटित कृष्ण जन्म से महाप्रयाण तक की घटनाओं को कविता के माध्यम से लिपिबद्ध किया गया है। एक ही पुस्तक में कृष्ण जी पर 81 रचनाओं का संग्रह है।



# 700 करोड़ पार हुई धुरंधर, ऐसा करने वाली साल की पहली फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड में हर साल कई बड़ी फिल्में आती हैं, लेकिन कुछ ही ऐसी होती हैं जो लंबे समय तक सिनेमाघरों में टिककर इतिहास रचती हैं। इन्हीं में से एक नाम बन चुका है फिल्म धुरंधर, जिसने रिलीज के चौथे हफ्ते में भी अपनी रफ्तार बरकरार रखी है। जिस तरह से फिल्म ने लगातार चार शनिवार को शानदार कमाई की है। चौथे हफ्ते के शनिवार को फिल्म ने 20 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन किया। आमतौर पर इस स्टेज पर फिल्में सीमित स्क्रीन्स और कम शो के साथ संघर्ष करती हैं, लेकिन धुरंधर ने इसके उलट शानदार प्रदर्शन किया। इसी के साथ ही फिल्म ने सिर्फ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ही 700 करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया है और इसी के साथ इस साल ऐसा करने वाली पहली फिल्म भी बन गई है।

लाइफ Style



# हुमा
## एलिजाबेथ के किरदार में बिखेरेंगी जलवा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केजीएफ स्टार यश की मच अवेटेड फिल्म टॉक्सिक को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यही कारण है कि फैंस फिल्म के हर एक अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अभिनेत्री कियारा आडवाणी के बाद अब फिल्म से हुमा कुरैशी का फर्स्ट लुक सामने आया है।

मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर हुमा कुरैशी के लुक को जारी किया है। इस लुक में हुमा काले कपड़ों में खड़ी नजर आ रही हैं। एक काले रंग की कार के पास हुमा एक मॉडर्न गाउन पहने खड़ी हैं और पोज दे रही हैं। पीछे एक परी की तरह की मूर्ति भी नजर आ रही है। हुमा के लुक को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'पेश है टॉक्सिक- फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में एलिजाबेथ के किरदार में हुमा कुरैशी।'इस लुक में हुमा किसी महारानी की तरह नजर आ रही हैं। उनका लुक उनके किरदार के दमदार होने का सबूत देता है। इससे पहले फिल्म से कियारा आडवाणी का लुक भी सामने आ चुका है। अभिनेता यश ने ही कियारा आडवाणी के लुक को भी रिवील किया था। इसमें कियारा रैंप पर वॉक करती दिख रही थीं। उन्होंने ऑफ शोल्डर हाई स्लिट गाउन पहना हुआ था। रैंप वॉक करते हुए वह रो रही थीं। उनके चेहरे पर आंसू के निशान दिख रहे थे। हालांकि उनके पीछे जश्न का माहौल नजर आया था। पोस्टर शेयर करते हुए यश ने कैप्शन में लिखा था 'टॉक्सिक- फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में नादिया के रूप में कियारा आडवाणी।' गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

हॉलीवुड मसाला



# बोल्ड किरदारों के लिए फेमस थीं

**लॉस एंजिल्स।** यूरोपीय सिनेमा और ग्लैमर की दुनिया से एक युग का अंत हो गया है। फ्रेंच सिनेमा और हॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने वाली दिग्गज अभिनेत्री और गायिका ब्रिजिट बार्डो का 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बार्डो सिर्फ एक फिल्म स्टार नहीं थीं, बल्कि वह 20वीं सदी की उन शख्सियतों में शामिल रहीं जिन्होंने सिनेमा, फैशन, महिला स्वतंत्रता और सामाजिक बहसों को नई दिशा दी। 1950 और 60 के दशक में ब्रिजिट बार्डो का नाम ग्लैमर और बोल्डनेस का पर्याय बन गया था।



# वो हॉलीवुड गाना जो बना लाखों दिलों की धड़कन

**लॉस एंजिल्स।** 34 साल के एड शीरन ने अपने गानों से हर जवां दिल पर राज किया है और आज वो इंडियन म्यूजिक लवर्स के लिए किसी आइकॉन से कम नहीं हैं। साल 2014 में सिंगर एड शीरन का गाना 'फोटोग्राफ' रिलीज हुआ था, जिसके लिरिक्स में वो पुरानी यादों और तस्वीरों की बात करते हैं। सिंगर इस सॉन्ग में दर्शाते हैं कि हम अपने अच्छे पलों को तस्वीरों में सजाकर इसलिए रखते हैं, ताकि हम उन्हें दोबारा जी सकें। एड शीरन के इस गाने का एक और वर्जन आज से 10 साल पहले रिलीज किया था, जिसमें उन्होंने अपने माता-पिता द्वारा लिए गए उनकी बचपन की वीडियो को एड किया था। वहीं इस गाने में सिंगर के स्ट्रगल को भी क्लिप के जरिए दिखाया गया था। सॉन्ग 'फोटोग्राफ'को इंडिया में आज भी सालों बाद उतना ही पसंद किया जाता है, जितना साल 2014 में लोगों ने पसंद किया था।



# प्रलय में रणवीर के साथ आएंगी नजर...

**नई दिल्ली।** साल की सबसे कमाऊ फिल्म 'धुरंधर' देने के बाद रणवीर सिंह प्रलय की तैयारी में जुटने वाले हैं। मार्च 2026 में धुरंधर का दूसरा पार्ट आएगा जिसके बाद रणवीर प्रलय की शूटिंग शुरू करेंगे। हालांकि इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन हीरोइन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। प्रलय में रणवीर सिंह के साथ जिस हीरोइन का नाम सामने आ रहा है वो है आलिया भट्ट। जी हां रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अपनी सफल फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी (RRKPK) के बाद एक बार फिर साथ काम कर सकते हैं। एक हालिया मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म प्रलय में फीमेल लीड रोल के लिए आलिया भट्ट के नाम पर विचार किया जा रहा है, जिसे जय मेहता डायरेक्ट करेंगे।



# अक्षय की जगह दृश्यम-3 में होंगे जयदीप

**मुंबई।** बॉलीवुड में जब भी किसी बड़े प्रोजेक्ट से जुड़ा विवाद सामने आता है, तो चर्चाओं का बाजार अपने आप गर्म हो जाता है। इन दिनों ऐसा ही कुछ देखने को मिल रहा है फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर, जहां कास्टिंग को लेकर दिए गए एक बयान ने इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। फिल्म के निर्माता कुमार मंगत पाठक के हालिया बयान ने न सिर्फ सुर्खियां बटोरी हैं, बल्कि दो दमदार अभिनेताओं अक्षय खन्ना और जयदीप अहलावत की तुलना को लेकर बहस भी छेड़ दी है। निर्माता कुमार मंगत पाठक ने इस बात की पुष्टि की कि फिल्म दृश्यम 3 में अक्षय खन्ना की जगह अब जयदीप अहलावत नजर आएंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने इस बदलाव को ईश्वर की कृपा बताते हुए जयदीप को अक्षय से बेहतर अभिनेता तक कह डाला।

टीवी मसाला



# नागिन 7 में तेजस्वी की झलक प्रियंका से ज्यादा रही चर्चा...

**नई दिल्ली।** सीरियल 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। वह इस बार इच्छाधारी नागिन के रोल में नजर आएंगी। इससे पहले के सीजन में नागिन का रोल तेजस्वी प्रकाश ने किया। वहीं सबसे पहले सीजन में मौनी रॉय नागिन के किरदार में दिखी थीं। तेजस्वी और मौनी रॉय को इस किरदार में सबसे ज्यादा पसंद किया गया। हाल ही में जब सीरियल 'नागिन 7' का पहला एपिसोड दर्शकों ने देखा तो लीड एक्ट्रेस प्रियंका चाहर से ज्यादा चर्चा तेजस्वी प्रकाश रही। सोशल मीडिया पर 'नागिन 7' के कुछ वीडियो वायरल हैं, जिसमें पहले एपिसोड की शुरुआत ही तेजस्वी प्रकाश से होती है। वह नागिन के किरदार में हैं, जो अपने पूरे जीवन को याद करती है। दरअसल, वह घायल है, साथ ही गर्भवती भी है। एक परिवार से मदद मांगती है। फिर एक बच्ची का जन्म होता है, जो आगे चलकर नई नागिन (प्रियंका चाहर) बनेगी। सोशल मीडिया पर फैंस ने जब 'नागिन 7' में तेजस्वी को देखा तो जमकर रिएक्शन दिए। एक यूजर ने लिखा, 'यह बात मेकर्स को पता है कि अभी भी नागिन 7 में तेजस्वी प्रकाश की जरूरत है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'तेजस्वी की स्क्रीन प्रेजेंस सच में बहुत शानदार है। उन्हें नागिन के रूप में फिर से स्क्रीन पर देखना बहुत अच्छा लगा। और सच कहूं तो...तेजू हमेशा मेरे लिए 'द नागिन' रहेंगी।' प्रियंका चाहर की एंट्री से पहले ईशा सिंह की एंट्री शो में हुई। वह प्रियंका चाहर के किरदार की बहन के तौर पर नजर आएंगी। लेकिन क्या वह भी इच्छाधारी नागिन हैं, यह आने वाले एपिसोड में पता चलेगा। लेकिन फैंस ने ईशा की एंट्री को भी पसंद किया है।

## चाचा जी के लिए मुसीबत बना पोपटलाल का छाता

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अबतक आपने देखा कि चाचा जी अभी तक पेड़ पर ही अटके हुए हैं। उन्हें पेड़ से उतारने की हर मुमकिन कोशिश हो रही है, लेकिन किसी का कोई भी आइडिया काम नहीं कर रहा है। बड़ी मुश्किल से टप्पू और उसके दोस्तों का लंबी सीढ़ी का आइडिया काम में आया था, लेकिन इस आइडिया के बीच सांप आ गया। अगले एपिसोड में आप देखेंगे कि चाचा जी को सांप से बचाने के लिए भिड़े पोपटलाल का छाता मांगेगा। वो कहेगा कि पोपटलाल का छाता वो ऊपर फेंका। ये बात सुनते ही पोपटलाल भड़क जाता है। वो कहता है कि वो अपना छाता फेंकने नहीं देगा। इसके बाद भिड़े उसे समझाता की ये छाता वो चाचा दी को देगा ताकि चाचा जी वो छाता खोलकर बैठ जाएं और सांप उन्हें न काट पाए। इसके बाद भिड़े वो छाता चाचा जी को देगा। लेकिन पोपटलाल का ये छाता चाचा जी के लिए और मुसीबत लाएगा।



सदी के महानायक ने कही थी हैरान करने वाली बात

# निर्माता ने अमिताभ को दिया था अवॉर्ड खरीदने का ऑफर

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के सबसे बड़े अभिनेताओं में से एक हैं। वह अपनी अदाकारी के अलावा अपने कुछ उसूलों के लिए जाने जाते हैं। फिल्म 'खुदा गवाह' के निर्माता मनोज देसाई ने उनसे जुड़ा एक किस्सा साझा किया है। मनोज देसाई ने दावा किया है कि अमिताभ बच्चन को एक बार बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड खरीदने का ऑफर दिया गया था, जिसे उन्होंने मना कर दिया था। विक्की लालवानी से बातचीत में निर्माता मनोज देसाई ने यह खुलासा किया।

### अमिताभ अवॉर्ड नहीं खरीदते

बातचीत में मनोज देसाई ने कहा, 'एक बार मैं और अमिताभ बच्चन अवॉर्ड फंक्शन के दौरान साथ बैठे थे। रऊफ अहमद (दिवंगत फिल्म लेखक) मेरे पास आए और मुझसे पूछा, 'अगर मैं अमिताभ बच्चन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दूं, तो क्या तुम इस पार्टी का पूरा खर्च उठाओगे?' मैंने यही बात अमिताभ बच्चन से पूछी। इस पर उन्होंने मुझसे कहा अमिताभ अवॉर्ड नहीं खरीदते।



### धर्मेंद्र ने भी नहीं खरीदा अवॉर्ड

मनोज देसाई ने दावा किया कि धर्मेंद्र भी अमिताभ बच्चन की तरह अवॉर्ड न खरीदने के सिद्धांत पर चलते थे। उन्होंने कहा, 'धर्मेंद्र ने भी ऐसे ऑफर को मना कर दिया था। उन्होंने कहा कि वह कोई अवॉर्ड नहीं खरीदेंगे। जब उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला था, तब उन्होंने अपनी स्पीच में कहा था कि उन्हें अपनी कई पिछली फिल्मों के लिए अवॉर्ड मिलने चाहिए थे, लेकिन उन्हें वे अवॉर्ड नहीं दिए गए।'

### बिग बी का वर्कफ्रंट

मुकुल एस आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म 'खुदा गवाह' में श्रीदेवी ने डबल रोल किया था। इसमें शिल्पा शिरोडकर और नागार्जुन अहम किरदार में थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। अमिताभ बच्चन को आखिरी बार तमिल फिल्म 'वेट्टैयन' में देखा गया था। वह अपकमिंग फिल्म 'रामायण' का हिंस्सा होंगे।

# *लगातार बढ़ रहे हैं फिल्मों की टिकटों के दाम : माधुरी*



***नई दिल्ली।*** *कोविड के बाद से ये देखा जा रहा है कि सिनेमाघरों से जनता धीरे-धीरे दूरी बना रहे हैं। जिसकी वजह थिएटर्स में फिल्मों की टिकटों के बढ़ते दाम हैं। जो फिल्म अच्छी होती हैं, उन्हें देखने के लिए भारी तादाद में बेशक लोग पहुंचते हैं, लेकिन अगर किसी मूवी को लेकर उनके मन में द्वंद्व है तो वह पैसा बचाने के लिए उसकी ओटीटी रिलीज का इंतजार करते हैं। हाल ही में माधुरी दीक्षित वेब सीरीज मिसेज देशपांडे में नजर आई हैं, जिसको लेकर उनका नाम फिलहाल चर्चा में बना हुआ है। इस बीच माधुरी ने एक इंटरव्यू में फिल्मों की टिकटों के बढ़ती कीमतों को लेकर खुलकर बात की है और कहा है 'अगर फिल्म की कहानी अच्छी है तो वह हर हाल में चलेगी और लोग उसे देखने के लिए थिएटर्स में पहुंचेंगे। इस आधार पर ये कहा जा सकता है कि फिल्में चल नहीं रही हैं, लेकिन सही मायनों में देखा जाए तो टिकटों के दाम काफी ज्यादा है। परिवार को सिनेमाघरों में एक फिल्म देखने के लिए अपना बजट बनाना पड़ता है। इस वजह से वे ध्यान से सोचते हैं कि कौन सी मूवी देखनी चाहिए और कौन सी नहीं। हालांकि, ओटीटी भी इसमें अहम भूमिका अदा करता है। अब जनता को घर बैठे ऑनलाइन एंटरटेनमेंट मिल रहा है और वीकेंड में लोग सिनेमाघरों से ज्यादा घर पर बैठकर ओटीटी पर फैमिली के साथ मनोरंजन का आनंद लेते हैं। कभी भी किसी भी समय पर ओटीटी पर फिल्म और सीरीज आसानी से देखने को मिल जाती हैं।' इस तरह से माधुरी दीक्षित ने फिल्मों की टिकटों की बढ़ती कीमतों लेकर अपनी राय रखी है और बताया है कि किस तरह से सिनेमा जगत को प्रभावित कर रहा है। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज मिसेज देशपांडे को हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर ऑनलाइन रिलीज किया गया है।*

## रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों ने दर्शकों को बांधे रखा सिनेमाघरों में

# साल 2025 में इन 6 हॉरर फिल्मों ने जमकर डराया

***नई दिल्ली।*** *साल 2025 हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए एक शानदार साल साबित हुआ। इस साल रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों और पुरानी हिट फ्रेंचाइजी की वापसी ने सिनेमाघरों में खौफ का जबरदस्त माहौल बनाए रखा। पर्दे पर सिर्फ भूत-प्रेत ही नहीं, बल्कि दिमाग घुमा देने वाले साइको-थ्रिलर और लोककथाओं पर आधारित अलौकिक शक्तियों का ऐसा टशन देखने को मिला, जिसने दर्शकों को कुर्सी छोड़ने नहीं दी। साल 2025 डर और रोमांच के नाम रहा. जहां हॉरर जॉनर ने बॉक्स ऑफिस से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक अपनी धाक जमाई। इस साल दर्शकों को सिर्फ डराया ही नहीं गया, बल्कि रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों से उन्हें सिनेमाघरों में बांधे रखा गया। खासकर साउथ इंडियन सिनेमा ने अपनी लोककथाओं और पुरानी रस्मों-रिवाजों को जिस तरह हॉरर के साथ पिरोया, उसने दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्सुकता पैदा की।*

**छोरी 2 :** साल 2025 की शुरुआत में 11 अप्रैल 2025 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई 'छोरी 2' से हुई। नुसरत भरूचा और सोहा अली खान स्टारर इस सीक्वल ने पहले पार्ट की तरह अलौकिक तत्वों और साइलॉजिकल डर से दर्शकों को बांधे रखा। बेटी को बचाने के लिए मां की लड़ाई और भयावह शक्तियों का सामना करने वाली कहानी ने खूब सराहना बटोरी। यह फिल्म हॉरर में सोशल मैसेज को जोड़ने के लिए जानी गई।

**द भूतनी :** 1 मई को थिएटर्स में आई 'द भूतनी'. संजय दत्त, मौनी रॉय, सनी सिंह और पलक तिवारी स्टारर यह हॉरर-कॉमेडी कॉलेज कैंपस में वर्जिन ट्री पर रहने वाली भूतनी की कहानी पर आधारित थी। हंसाती और डराती इस फिल्म ने हल्का-फुल्का मनोरंजन दिया, हालांकि कुछ ने इसे हॉरर से ज्यादा कॉमेडी बताया।

**मां :** काजोल की 'मां' 27 जून को रिलीज हुई। यह माइथोलॉजिकल हॉरर फिल्म थी, जिसमें काजोल एक मां बनीं, जो अपनी बेटी को बचाने के लिए देवी काली का रूप धारण करती है। डेमोनिक कर्स और गांव की लोककथाओं पर आधारित यह फिल्म मदरहुड और सुपरनैचुरल का मिश्रण थी। काजोल की परफॉर्मेंस की तारीफ हुई।



**बारामूला :** 7 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई 'बारामूला'। मानव कौल और भाषा सुम्बली स्टारर यह सुपरनैचुरल थ्रिलर कश्मीर के बारामूला में बच्चों के गायब होने की जांच पर आधारित थी। पुलिस ऑफिसर के घर में छुपे राज और कश्मीरी पंडित से इंस्पायर्ड तत्वों ने इसे इमोशनल डेप्थ दी. अलग स्टोरीलाइन और रोंगटे खड़े करने वाले सीन ने इसे स्पेशल बनाया।

**डाइस इरा :** हैलोवीन पर 31 अक्टूबर को थिएटर्स में आई मलयालम हॉरर थ्रिलर 'डाइस इरा'। प्रणव मोहनलाल स्टारर यह फिल्म राहुल सदाशिवन के निर्देशन में बनी। एक अमीर आर्किटेक्ट की जिंदगी में सुपरनैचुरल घटनाओं की कहानी ने दर्शकों को रोमांचित किया। बाद में 5 दिसंबर को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई यह फिल्म साल की सबसे सफल हॉरर फिल्मों में शुमार हुई।

**थामा :** इसके अलावा 'थामा' जैसी हॉरर फिल्म ने भी साल 2025 में सिनेमाघरों में जमकर जलवा बिखेरा. आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म में भी हल्के अंदाज में हॉरर पुट देखने को मिले। इस हॉरर-कॉमेडी मूवी को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### 304 क्विंटल अवैध भंडारित धान जप्त

**सारंगढ़।** संयुक्त टीम ने बरमकेला तहसील के तीन स्थानों से 762 बोरी 304.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया। भंडारित धान को मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जब्त किया। इस कार्रवाई में डिप्टी कलेक्टर उमेश, खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे, नायब तहसीलदार बरमकेला मोहन साहू, खाद्य सहायक अधिकारी विद्यानन्द पटेल और मंडी अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

### बिलासखार में सजा है खुडखुड़िया जुआ का फड़


**घरघोड़ा।** पूंजीपथरा क्षेत्र में ठंड को मात देते हुए कुछ अलग ही गर्मजोशी देखने को मिल रही है। यहाँ जुआड़ियों और जुआ खेलने वालों के बीच भाईचारे के रिश्तों को और मजबूत करने की तैयारियाँ पूरे शवाब पर हैं। बिलासखार के बाजार के पीछे खुलेआम खुडखुड़िया मेले में जुए की बिसात बिछ गई है। खुडखुड़िया मेले को लेकर जुआ खेलने के शौकीनों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। एक ओर जहाँ कानून व्यवस्था को लेकर तमनार में सख्ती और तनाव का माहौल है। वहीं दूसरी ओर पूंजीपथरा क्षेत्र में यह गतिविधि प्रशासनिक निगरानी पर भी सवाल खड़े कर रही है। ठंड के इस मौसम में कानून की गर्मी खुड खुड़िया खिलाने वाले के गिरेबान तक नहीं पहुंच रही है। सूचना के बाद भी पुलिस नहीं पहुंची कारण खुडखुड़िया प्रायोजक को पुलिस का खुला समर्थन से खिलाने और खेलने वाले के हौसले बुलंदी पर है। ग्रामीणों की माने तो खिलवाने वाले किसी पिंटू और गोपी का नाम सामने आ रहा है।

### एसोसिएशन ने किया वार्षिक उत्सव का आयोजन

**राउरकेला।** जनमाध्यम जनता की आवाज़ होते हैं और इस आवाज़ को उठाने वाले पत्रकारों के आचरण एवं उच्चारण में समन्वय होना चाहिए। यह विचार जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन की परिचर्चा में व्यक्त किया गया।आज जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन, राउरकेला का 21वाँ वार्षिक उत्सव एवं परिचर्चा इस्पात नगर के सेक्टर 7 स्थित इस्पात साहित्य संसद परिसर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष बिरंचि नारायण पटनायक की अध्यक्षता तथा उपाध्यक्ष के बी राउत के संयोजन में किया गया। दीनदयाल मेल के वक्ताओं ने विचार विमर्श के विषय ऽसमाज के प्रति पत्रकारों की जिम्मेदारी और आह्वान पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने अपने संबोधन में पत्रकारों की भूमिका निर्दोष जनता की आवाज़ बनने, लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा, मीडिया हाउसों पर कॉरपोरेट प्रभाव, पत्रकारों की सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई से जुड़ी चुनौतियाँ, न्यायिक उत्पीड़न, सत्य को उजागर करने का साहस तथा विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की।

### राहुल गांधी ने दी डॉ. दुलीचंद को श्रद्धांजलि

**रायगढ़।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रायगढ़ के सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. दुलीचंद अग्रवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया है।



राहुल गांधी ने डॉ. दुलीचंद अग्रवाल के पुत्र अनिल अग्रवाल चीकू को संवेदना पत्र भेजते हुए लिखा कि निधन का समाचार सुनकर उन्हें गहरा दुख हुआ। पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि चिकित्सा सेवाओं के साथ साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी डॉ. दुलीचंद अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अनिल अग्रवाल एवं परिवार के प्रति इस कठिन समय में गहरी सहानुभूति और संवेदनाएं व्यक्त कीं। वोरा परिवार के राजीव वोरा ने डॉक्टर दुलीचंद के निजी निवास पहुंच कर अपनी आत्मीय श्रद्धांजलि अर्पित की।मध्यप्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने अपने प्रेषित शोक संदेश में बताया कि उनके लिए यह समाचार बहुत ही दुखद है और डॉक्टर साहब के परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति देने के लिए भगवान से प्रार्थना की।

---

तीन लोगों के नाम से 31 लाख निकालने की मिली है जानकारी

# महाठग शिवा साहू ने फर्जी सील, लेटरपैड से निकाले लाखों, पुलिस कर रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

रायकोना निवासी प्रदेश भर में शेयर मार्केट के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला कुख्यात महाठग शिवा साहू एक बार फिर अपने शातिर कारनामों को लेकर सुर्खियों में है। इस बार मामला केवल ठगी तक सीमित नहीं है, बल्कि थाना स्तर की पहचान सील और लेटरपैड को फर्जी तरीके से तैयार कर बैंकिंग सिस्टम को गुमराह करने का है, जिसे कानून व्यवस्था के लिए बेहद गंभीर चुनौती माना जा रहा है।

शिवा साहू ने शेयर मार्केट में पैसे डबल" करने का लालच देकर सरसींवा, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बलौदाबाजार, सक्ति,रायगढ़ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के हजारों लोगों से करोड़ों रुपये ऐंठे। ठगी की रकम से उसने आलीशान मकान, महंगी गाड़ियां और अन्य संपत्तियाँ खड़ी कर लीं। पीड़ितों की लगातार शिकायतों के बाद थाना सरसींवा पुलिस ने शिवा साहू को उसके साथियों सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा, साथ ही ठगी से अर्जित संपत्तियों, वाहनों को जब्त कर बैंक खातों को होल्ड किया गया। उच्च न्यायालय द्वारा कुछ शर्तों के साथ जमानत मिलने के बाद महाठग शिवा साहू व साथी जेल से बाहर आये। उम्मीद थी कि कानून का भय उसे अपराध से रोकेगा, लेकिन इसके उलट उसने जमानत का दुरुपयोग करते हुए और भी खतरनाक रास्ता चुन लिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

#### फर्जी तरीके से खुलवाया होल्ड एकाउंट

थाना सरसींवा से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार महाठग शिवा साहू ने थाना सरसींवा के नाम से फर्जी लेटरपैड तैयार कराया नकली दस्तावेज व थाना के नाम पर आवेदन ,लेटरपेड व सील को जमानत से जुड़े दस्तावेजों के साथ संलग्न किया। बैंक में यह दर्शाया कि होल्ड अकाउंट खोलने की अनुमति पुलिस द्वारा दी गई है और बैंक से अपने साथी व तथाकथित गर्लफ्रैंड व उसके पिता के नाम से लाखों रुपये निकाल लिया।

#### बैंक से 31 लाख की निकासी

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शिवा साहू ने स्वयं बैंक पहुंचकर अपने भरोसेमंद लोगों के नाम से रकम निकाली। इसमें डिगम जोल्हे के नाम पर 10 लाख, ऋतु साहू एवं उसके पिता चन्द्रहास साहू के नाम पर 21 लाख कुल मिलाकर 31 लाख की निकासी एचडीएफसी बैंक से कराई गई। वहीं इस मामले में जैसे ही यह फर्जीवाड़ा उजागर हुआ, सरसींवा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी डिगम जोल्हे पिता गुड्डू जोल्हे, निवासी रायकोना, ऋतु साहू पिता चन्द्रहास साहू निवासी टाटा, चन्द्रहास साहू, पिता दशरथ साहू निवासी टाटा के खिलाफ 3(5), 318(2), 336(3), 336(4), 338, 340(2), 341(1), 341(2) बीएनएस की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही अब महाठग शिवा साहू की तलाश में जुटी हुई है पुलिस ।

---



## कुड़ेकेला में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन, लिया गया संकल्प

**कुड़ेकेला।** हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन ग्राम पंचायत कुड़ेकेला के माझापारा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती व भारतमाता के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम के अगले कड़ी में अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत कर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भगवताचार्य राजेन्द्र प्रसाद जिला अध्यक्ष, मंचासीन नत्थू राठिया, सोहन पटेल, शरण सिंह सिदार सरपंच गिजे बाई, लीला राजपूत, रोहणी चन्द्रा, पूर्व सरपंच संतराम, संजय गुप्ता, सहित मंचासीन एक एक कर हिन्दू सम्मेलन में अपना उद्बोधन प्रस्तुत किए जहां आज के विराट हिदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता आचार्य ने हिन्दू धर्म के सम्बंध में विशेष गहराई तक जाकर बखान किया। इसके बारे में बताते हुए भागवत महाभारत के कुछप्रसंग को आगन्तुकों के समक्ष रखा। कार्यक्रम में श्री कृष्ण के प्रसंग से जोड़ते हुए बताया गया कि किस तरह अपने तर्जनी उंगली में पर्वत को धारण किए थे। उन्होंने बताया कि भगवान तर्जनी उंगली अर्थात सबसे छोटी उंगली जो पांचो उंगली में सबसे छोटी आज उसी तरह हमारे बीच सबसे अंतिम छोर में रह रहे लोगों को भी अपने बीच लाना हम सबका मुख्य उद्देश्य है। इसके बाद समाज मे व्याप्त असमाजिकता को हमे एक जुट होकर कालिया नाग की तरह समाज से फेकना होगा। इस तरह से लोग आचार्य के मुखारबिंद से उद्घोषित वचनों को सुनकर मन्त्रमुग्ध हो गए।

---

## 45 वीं मासिक निशान यात्रा आज, कल श्री श्याम पाठ

**खरसिया।** नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ 31 दिसम्बर को आयोजित हैं। 31 दिसम्बर को अखण्ड ज्योत जलाई जाएगी एवं खीर, चूरमा, चांवल सब्जी, खिचड़ी का प्रसाद श्याम बिहारी मंदिर में भोग के रूप में लगाया जाएगा।

नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा पौष शुक्ल एकादशी 30 दिसम्बर को प्रातः 06 बजे जयप्रकाश गर्ग अभिनंदन क्लाथ, खरसिया के निवास स्थान सिविल अस्पताल के सामने, खरसिया से निशान यात्रा प्रारंभ होकर 7.30 बजे मंदिर पहुंचने के पश्चात आरती की जाएगी। श्री श्याम कुटुंब के संस्थापक मुकेश मित्तल ने जानकारी देते बताया कि संस्था द्वारा नगर के श्याम प्रेमियों के घर घर से बाबा श्याम के पूजन करने के पश्चात शुक्ल पक्ष की ग्यारस के दिन निशान यात्रा प्रारंभ की जाएगी बाबा श्याम को निशान अर्पण करने का एक विशेष महत्व है एवं बाबा श्याम के प्रेमियों के लिए शुक्ल पक्ष की ग्यारस के पावन दिन के अवसर पर प्रत्येक शुक्ल पक्ष की ग्यारस को घर घर से निशान यात्रा प्रारंभ करने का बीड़ा उठाया है मासिक निशान यात्रा नगर के श्याम प्रेमियों के निवास स्थान से प्रारंभ कर श्री श्याम बिहारी मंदिर प्रत्येक शुक्ल पक्ष की ग्यारस के दिन निकाली जाएगी नगर के जो भी भक्त अपने निवास से निशान यात्रा के लिए नाम आरक्षित करा सकते हैं। दुसरे दिन 31 दिसम्बर को प्रातः 7.30 बजे बाबा की ज्योत एवं उसके पश्चात दोपहर 12.30 बजे चांवल सब्जी एवं शाम 06.11 बजे से श्रीश्याम अखंड ज्योति पाठ एवं रात्रि 7.30 बजे बाबा के आरती के पश्चात खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा।

#### सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगी निशान यात्रा

प्रत्येक शुक्ल की ग्यारस के पावन अवसर पर मासिक निशान यात्रा प्रारंभ किया जा रहा है जोकि नगर के श्याम प्रेमियों के घर से निशान यात्रा प्रातः 6 बजे प्रारंभ होकर श्याम बिहारी मंदिर पहुंचेगी। 45वीं मासिक निशान यात्रा जयप्रकाश गर्ग , खरसिया के निवास स्थान सिविल अस्पताल के सामने से प्रारंभ होगी।

---




## छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने किया कंबल वितरण

**कोसीर।** लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स जिला ईकाई सारंगढ़ द्वारा 27 दिसंबर को गांव के लोगों को ठंड से राहत देने कंबल वितरण किया गया। सारंगढ़ जिला ईकाई ने कोसीर व ग्राम लेन्ध्रा में जरूरतमंदो को कंबल वितरण किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला सारंगढ़ के उप तहसील कोसीर ग्राम में मां कुशलदाई मंदिर के प्रांगण में एवं साथ ही ग्राम लेंधरा के समलेश्वरी मंदिर के प्रांगण में कंबलों का वितरण किया गया। उक्त दोनों ही स्थान में बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए कंबलों की बहुत ज्यादा आवश्यकता महसूस की जा रही थी काफी ज्यादा संख्या में जरूरतमंद लोग उपस्थित थे, उक्त कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सारंगढ़ श्रीमती स्नेहिल साहू, श्रीमती अजगगल्ले, महेंद्र अग्रवाल, नत्थूलाल केडिया, मिट्ठू अग्रवाल एवं ग्राम कोसीर सरपंच सूमन राजेन्द्र राव, ग्राम सचिव पंचगण वहीं लेन्ध्रा सरपंच, व्यास साहू एवं प्रमुख नागरीकगण उपस्थित थे।

---

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कार्यालयों में लटके ताले, काम प्रभावित

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 3दिवसीय हड़ताल पर 29 से 31दिसम्बर तक घरघोड़ा तहसील के कर्मचारी एवं अधिकारी हड़ताल पर चले गए हैं। सभी ऑफिसों में तला बंदी दिखी, घरघोड़ा में हड़ताल का असर है।

शासन के समक्ष लगातार अपनी मांगों का ज्ञापन दे रहे थे परंतु निराकरण न होने के कारण निश्चित कालीन हड़ताल पर सब को जाना पड़ा। छग़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ रायगढ़ के जिला शाखा अध्यक्ष एवं घरघोड़ा फेडरेशन के संयोजक संतोष पाण्डेय ने बताया कि केंद्र के समान महंगाई भत्ता कर्मचारी एवं पेंशनरों को देय तिथि से एडीए एरियस की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदेंलन किया जा रहा है। अन्य मांगों में सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान, लिपिको, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग महिला बाल विकास सहित विभिन्न संवर्गो का वेतन विसंगति दूर करने पिंगुआ कमेटी का रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गड़ना करना करते हुए संपूर्ण लाभ दिया जाए, पंचायत सचिवों का शासकीय कारण करना, सहायक शिक्षकों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समय मान वेतनमान दिया जाए, नगर निकाय के कर्मचारियों का नियमित मासिक वेतन एवं समय बद्ध पदोन्नति किया जाए, अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत का सीलिंग शीतलीकरण किया जाए, प्रदेश में कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू किया जाए, समेत अन्य मांगे मिल है। इस अवसर पर दभिनव सिंह, संतोष पांडे रोहित डनसेना, अश्वनी दर्शन, मंगलेश्वर महंत, आशीष शर्मा, बाबूलाल धृतलहरे, मनोज प्रधान संजय पंडा, हरिश्चंद्र बेहरा, वरुण गुप्ता, विजय पडा, अखिलेश मिश्रा, प्रियंक दुबे, मोहन चौहान, संजीव पटेल, प्रमोद गुप्ता, संजय पैंकरा, रोशन पंडा, गुलाब चौहान लाल साय लकड़ा, अशोक महापात्री, पीला राम लहरे, मिल कंठ गुप्ता अन्य शामिल रहे।




---

## छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित हुई हीरा देवी

**कोसीर।** शिक्षाविद् सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती हीरा देवी निराला को छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित की गई है। उनका जीवन कशमकश भरी राहों से गुजरते हुए समाज को नई सीख देती है जो समाज के लिए एक बड़ा उदाहरण है। हीरा देवी बचपन से ही होनहार विद्यार्थी रही समाज के प्रति उसका लगाव रहा उनका जन्म 15 जून 1969 को हुआ वे सामाजिक विज्ञान में एमए हैं। सारंगढ़ जिला मुख्यालय में विशेष स्कूल दिव्यांगजन स्कूल संचालित करते हैं।



इस स्कूल की स्थापना 2006 में हुई पिछले 19 वर्षों से ऐसे बच्चों की सेवा कर रहे हैं जो समाज से सीधा सीधा टूटे हुए होते हैं जो सुन नहीं सकते बोल नहीं सकते और देख नहीं सकते उनके बीच रहकर उनकी सेवा के साथ साथ पढ़ना लिखना और उन्हें समाज के मुख्य धारा से जोड़ना चुनौती भरा कार्य है ऐसे बच्चों के परिवार भी उनसे दूरी रखते हैं ऐसे बच्चों की देख भाल माता पिता की तरह करना गागर में सागर भरने जैसा कार्य है। अपनी जिंदगी के सुख सुविधाओं को छोड़कर रात दिन बच्चों के जीवन को गढ़ना चुनौती भरा है। रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड से छत्तीसगढ़ के 11 जिलों की महिलाओं का चयन हुआ था जिसमें 125 महिलाओं का छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया जिसमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला से सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती हीरा देवी निराला का भी एक नाम था।

---

## पार्थिव शिवलिंग पूजन से प्राप्त होते हैं शुभ फल

**अकलतरा।** सृजन कला धर्मजागरण एवं आध्यात्मिक संस्था द्वारा आयोजित तथा "दैविक पथ" के तत्वावधान में अघोरपीठ जनसेवा अभेद आश्रम, पोड़ी दल्हा में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा एवं प्रवचन सप्ताह के दूसरे दिन वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक रामानुज सत्यम कृष्ण शुक्ल महाराज ने पार्थिव एवं अन्य शिवलिंगों का विधिवत पूजन कराते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रस से सराबोर किया। उन्होंने पार्थिव शिवलिंग पूजन के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि मिट्टी से निर्मित पार्थिव शिवलिंग का श्रद्धापूर्वक पूजन करने से भक्त को शीघ्र शुभ फलों की प्राप्ति होती है तथा जीवन के कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि पार्थिव शिवलिंग पूजन व्यक्ति के मन, वाणी और कर्म को शुद्ध करता है तथा भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है।शिवलिंग सृष्टि की अनादि-अनंत शक्ति का प्रतीक है, जो सृजन, संरक्षण और संहार का संदेश देता है। शिवलिंग के माध्यम से शिव-शक्ति के अद्भुत स्वरूप का बोध होता है और भक्त के जीवन में आध्यात्मिक जागरण का संचार होता है।कथा स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया। पूरे वातावरण में ऽहर-हर महादेव के जयघोषऽ, मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहा। दूसरे दिन की कथा ने श्रोताओं के मन में शिवभक्ति की गहरी अनुभूति जागृत हुई।

#### खास बात

- शिवलिंग उत्पत्ति की दिव्य कथा ने भक्तों को किया भावविभोर



---

## राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव में महिमा ने जूनियर वर्ग में जीता प्रथम स्थान

**छाल।** सांस्कृतिक नगरी दुर्ग में ऽकथक रॉकर्स द्वारा आयोजित नाट्य नृत्य अखिल भारतीय नृत्य, संगीत एवं फाइन आर्ट प्रतियोगिता एवं महोत्सव का भव्य समापन हुआ। 6 दिनों तक चले इस नृत्य महाकुंभ में देश भर के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

यह आयोजन 23 से 28 दिसंबर तक कुशाभाऊ ठाकरे भवन, आदित्य नगर, दुर्ग में किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए नर्तकों ने शास्त्रीय और लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रायगढ़ जिले की प्रतिभाशाली नृत्यांगना महिमा चंद्रा रहीं। महिमा ने कड़े मुकाबले के बीच अपनी उत्कृष्ट नृत्य शैली और भाव भंगिमाओं से निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी कड़ी मेहनत रंग लाई और उन्होंने जूनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। आयोजकों ने बताया कि इस मंच का उद्देश्य देश भर की छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना है।



---

सुबह, दोपहर और रात में हो रही है कई बार बिजली कटौती

# अघोषित बिजली कटौती से लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

एक और जहां छत्तीसगढ़ शासन सरप्लस बिजली देने की बात कर रही है वहीं दूसरी और चंद्रपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में एक दिन में 10 से 20 बार बिजली बंद हो जाती है क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति का बहुत ही बुरा हाल है बिजली विभाग की रोजाना मनमानी बिजली कटौती से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी और बरसात हो या ठंड चंद्रपुर में हमेशा बिजली कटौती दिन तो छोड़ो रात भर लाइट नहीं आती है। वहीं दूसरी और घंटे बिजली गुल रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहाहै लगातार अघोषित कटौती ने लोगों का आक्रोश बढ़ा दिया है

हल्की सी आंधी तूफान एवं बिजली कड़कने से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली गुल होना समझ आती है लेकिन बिना किसी कारणवश रात भर दिन दिन भर बिजली कटौती करना विद्युत विभाग के लिए आम बात हो गई है इस बहाने विभाग घंटे बिजली आपूर्ति बाधित कर देते हैं बिजली व्यवसाय से जुड़े लोगों को तिवारी सीजन में बिजली नहीं होने के कारण काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है जिसमें फोटोकॉपी वेल्डिंग के दुकानों कंप्यूटर इंटरनेट इलेक्ट्रॉनिक दुकानों के अलावा अन्य व्यवसाय भी शामिल है।



#### सबसे ज्यादा पेयजल पर पड़ रहा है असर

बिजली विभाग द्वारा गांव में अघोषित बिजली कटौती से इसका सबसे ज्यादा असर जल पर पड़ता है। नगर पंचायत चंद्रपुर के अंतर्गत कई वार्डों में सुबह एवं शाम को वार्ड स्थित नलों में विद्युत की आपूर्ति की जाती है जिसके लिए सभी वार्डों में सुबह शाम का समय निर्धारित है, लेकिन अघोषित बिजली कटौती के चलते लाइट का बंद हो जाए इसका पता ही नहीं होता जिससे पानी भरने वाले लोगों को उन्हें मिलने वाले पानी के समय में बिजली बंद होने से उनका काफी परेशानी का सामना करना

#### ट्रांसफार्मर एवं 33 केवी फाल्ट की हो रही शिकायत

चंद्रपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र में कुछ दिनों से बिजली की आंख में चोली ने जहां दिन में तो लोगों की कमाई छीन ली है लेकिन रात की नींदों को भी चीन से बाज नहीं आ रहे हैं वही मच्छरों के चलते रात की नींद हराम हो गई है गोपालपुर हीरापुर पंकज मोबाइल देवांगन मोहल्ला और हाई स्कूल के पास जाने वाले मार्ग पर स्थित ट्रांसफर में अधिकतर फाल्ट की शिकायत मिलते रहती है।

चंद्रपुर की बिजली व्यवस्था कभी सही नहीं हो सकती जिससे हम सभी को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**अमन गोयल**
**चंद्रपुर**

चंद्रपुर में लाइट की समस्या हमेशा से बनी रही है। इसका समाधान बिजली विभाग को करना चाहिए मनमानी लाइट काटने से रोजमर्रा काम में परेशानी होती है।

**लक्की सिंदूर, पार्षद वार्ड नंबर 5**

---

## कुलदीप सेंगर की जमानत के ख़िलाफ़ युवा कांग्रेस का विरोध

**घरघोड़ा।** जिला युवा कांग्रेस रायगढ़ ग्रामीण जिला अध्यक्ष उस्मान बेग के नेतृत्व में विधायक लालजीत सिह राठिया के उपस्थिति में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर की जमानत के खिलाफ घरघोड़ा पोर्डा में केंडल मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया। उन्होंने जमानत रद्द करने और पीड़िता को सुरक्षा देने की मांग कीए साथ ही सरकार की नीयत पर सवाल उठाया।

उन्नाव रेप प्रकरण के दोषी भाजपा पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर की जमानत के विरोध में जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस उस्मान बेग के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यह प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस ने दोषी की जमानत रद्द कराने और पीड़िता को सुरक्षा देने की मांग की।



प्रदर्शन के दौरान विधायक लालजीत सिह राठिया ने कहा जघन्य महिला अपराध में न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध अपराधी को जमानत मिलना सरकार की नीयत और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। सरकार पर अपराधियों को बचाने का आरोप लगाते हुए विधायक लालजीत ने दोषी की जमानत रद्द कराने और पीड़िता को सुरक्षा देने की मांग की।